# अपराध पर अंकुश के लिए गश्त बढ़ाएं : एसपी

**बलरामपुर, संवाददाता।** जिले की पुलिस व्यवस्था की कमान शनिवार को नवागत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने संभाल ली। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे नवागत एसपी ने गार्द की सलामी ली और विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध की स्थिति और लंबित मामलों की जानकारी ली।

नवागत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में



नवागत एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह

पत्रकारों से शिष्टाचार भेंट की। एसपी ने बताया कि अपराध पर प्रभावी अंकुश के लिए थाना प्रभारियों को सघन गश्त, वाहन चेकिंग व रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। हिस्ट्रीशीटर, टॉप-10 अपराधी, अभियुक्तों पर कार्रवाई की जाएगी।